तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 3 सितंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

11 जैविक खाद से मिट्टी में बढ़ेगी उर्वरा शक्ति



12 कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर होगी ...



B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 04/09/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065

# सरकारी जलाशय के सीमांकन में विवाद, ग्रामीणों ने किया विरोध

## 2013 का नक्शा लेकर पहुंचे पटवारी और आरआई, जनप्रतिनिधियों ने जतायी नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

साजा में सरकारी जलाशय के सीमांकन का पहला दिन विवादों से भरा रहा। राजस्व विभाग का अमला बिना पूरी तैयारी के सीमांकन करने पहुंचा, जिससे ग्रामीणों और नगर पंचायत अध्यक्ष ने कड़ा विरोध दर्ज कराया। तहसीलदार, चार पटवारी और एक आरआई के साथ राजस्व विभाग का दस्ता सीमांकन के लिए पहुंचा था। सिंचाई विभाग से अमीन और नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी भी इस दल में शामिल थे। सीमांकन के दौरान यह बात सामने आई कि बांध कितने एकड़ में फैला है। इसकी कोई स्पष्ट जानकारी किसी के पास नहीं थी। तहसीलदार ने इसे 16 एकड़ का बांध बताया, जबकि सिंचाई विभाग का अमला बिना किसी दस्तावेज के ही मौके पर पहुंचा था। इससे ग्रामीण भड़क गए और उन्होंने सीमांकन को मानने से इनकार कर दिया।

**जलाशय की जमीन पर अतिक्रमण:** ग्रामीणों के अनुसार वर्ष 2013 में जब यह बांध देखरेख के लिए नगर पंचायत को सौंपा गया था, तब यह बहुत बड़े क्षेत्र में फैला था। आज की स्थिति में यह काफी सिमट चुका है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि बांध की ज़मीन कहां गई और नगर पंचायत ने किसके कहने पर बांध के अंदर स्कूल और अस्पताल जैसे भवन बना दिए, जो आज बेकार पड़े हैं। उनका कहना था कि कई करोड़ रुपये इस बांध पर खर्च हुए, लेकिन अब यह कचरे का ढेर बन गया है।

### पुनः सीमांकन की मांग

ग्रामीणों ने राजस्व विभाग द्वारा किए गए, इस सीमांकन को स्वीकार करने से मना कर दिया है। नगर पंचायत अध्यक्ष हिमांशु वर्मा ने मांग की है कि जिले से एक विशेष टीम बुलाकर पुराने नक्शे के आधार पर सही तरीके से सीमांकन किया जाए। ब्लॉक मंडल अध्यक्ष बुलाक साहू ने भी जल संसाधन विभाग के जिला अधिकारी से बात कर पुराने नक्शे के साथ ही सीमांकन कराने की मांग की है। शहर में पहली बार हो रहे इस बड़े सीमांकन को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर मौजूद थे।



### मोबाइल से सीमांकन पर आपत्ति

जांच दल ने बांध के आसपास के इलाकों का सर्वे करना शुरू किया और मोबाइल से सर्च कर सीमांकन की कोशिश की। इस पर नगर पंचायत अध्यक्ष हिमांशु वर्मा ने आपत्ति जताते हुए कहा कि यह तरीका गलत है। उन्होंने बताया कि राजस्व विभाग का अमला सिर्फ 2013 के नक्शे के साथ पहुंचा था।

## खबर संक्षेप

### बिजली सुधारने खंभे पर चढ़ा युवक, करंट से मौत

**बेरला/भिंभौरी।** पुलिस चौकी कण्डरका व विद्युत वितरण कंपनी भिंभौरी के अंतर्गत ग्राम हसदा क्षेत्र में बिजली सुधारने खंभा पर चढ़े युवक को करंट लगने से मौके पर मौत हो गई। मिली जानकारी के



अनुसार प्रार्थी पंकज वर्मा, पिता जनक राम वर्मा निवासी ग्राम हसदा ने थाना बेरला में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 1 सितम्बर को 11केवी तार ग्राम गोड़गिरी में गिर गया था जिसका देवेंद्र के साथ 2 सितम्बर को सुधार कर रहे थे तथा तार को बांधने देवेंद्र साहू खंभे में चढ़ा था। उसी दौरान देवेंद्र को बिजली करंट लगने से खंभा से गिर गया। जिसे बेरला अस्पताल लेकर आए थे। जहां देवेंद्र साहू की मृत्यु हो गई है कि सूचना पर मर्ग क्रमांक 93/ 25 धारा 194 बीएनएसएस दर्ज कर जांच में लिया गया है। मृतक देवेंद्र साहू पिता संतोष साहू उम्र 28 वर्ष ग्राम हसदा निवासी है। वही प्रत्यक्षदर्शियों के कहना है कि बिजली विभाग व ठेकेदार की लापरवाही के चलते संविदा कर्मचारी की मृत्यु का कारण बन जाता है। वही ठेकेदार व विभाग के आला अधिकारी उपयोगी समान नहीं देने के कारण करंट की चपेट में आने से संविदा कर्मचारियों की मृत्यु हो जाती है। इसके पहले और भी कई लोगों की जान इसी प्रकार से होने पर जाने गई है। जिसका खामयाजा संविदा कर्मचारियों को चुकाना पड़ रहा है।

### सिविक सेंटर में गंदगी देख जताई नाराजगी

**भिलाई।** सांसद विजय बघेल ने सोमवार की सुबह मार्निंग वॉक ग्रुप के साथ सेक्टर-6 स्थित सिविक सेंटर चौपाटी का निरीक्षण किया। दुकानदारों एवं होटल व्यवसायियों द्वारा किए जा रहे सीवरेज जाम और गंदगी की शिकायतें मिल रही थीं। मौके पर निरीक्षण के दौरान उन्होंने तत्काल भिलाई नगर निगम एवं बीएसपी स्वच्छता विभाग के अधिकारियों को फोन कर मौके पर बुलाया। सफाई करवाई।

### बाइक चोरी करने वाले तीन युवक पुलिस की गिरफ्त में

**भिलाई।** साप्ताहिक बाजार से बाइक चोरी करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने पकड़ा है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि सेक्टर 6 सड़क 62 क्वाटर 07 डी निवासी संतोष कुमार राव ने शिकायत किया कि गुरुवार साप्ताहिक बाजार सेक्टर 07 भिलाई से सीजी 07 एके 0540 जिसकी कीमत 85 हजार रुपये चोरी हो गई थी। इस दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना दिया कि सेक्टर 6 भिलाई मे बाइक को बेचने तीन युवक ग्राहक की तलाश कर रहे थे। आरोपियों को पुलिस ने तुरंत पकड़ लिया। पुछताछ में आरोपियों ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

### बाइक चोर गिरफ्तार

**भिलाई।** सशक्त एप से पुलिस ने बाइक चोरी करने वाला युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि वार्ड 11 गौरा चौरा चौराहा निवासी विष्णु ठाकुर से पूछताछ करने पर बाइक सीजी 07 बी 3057, एमपी09 क्यूजी 1180, सीजी 07 एजे 4387 को जब्त किया गया है।

## निर्देश : कलेक्टर ने अधिकारियों की बैठक में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की

# त्रुटि रहित और शुद्ध जनगणना करेंगे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिला कार्यालय के दिशा सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी लंबित प्रकरणों का निराकरण नियत समय पर करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी स्व-मूल्यांकन करते हुए विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों और सेवाओं में अपेक्षित प्रगति लाएं।

कलेक्टर शर्मा ने आगामी जनगणना कार्य की प्रारंभिक तैयारी के संबंध में निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी आबादी जनगणना कार्य से ना छूटे, यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य को गंभीरता से लेते हुए कार्य करेंगे। उन्होंने त्रुटि रहित और शुद्ध जनगणना कार्य को पूर्ण करने के लिए अधिकारियों को सजकता से कार्य करने कहा है। उन्होंने कहा कि जनगणना के दौरान सभी अधिकारी नागरिकों के साथ सौम्य व्यवहार रखेंगे। उन्होंने जिले के नागरिकों से अपील करते हुए कहा है, कि जनगणना अधिकारियों के साथ विनम्र व्यवहार रखते हुए चाही गई जानकारी प्रेषित करेंगे।

कलेक्टर ने जिले के सभी किसानों का अनिवार्य रूप से धान विक्रय हेतु पंजीयन करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि धान विक्रय के लिए किसान पंजीयन किया जाना अति आवश्यक है। बिना धान पंजीयन के कोई भी कृषक धान विक्रय नहीं कर सकेगा, इसे ध्यान में रखकर कृषि विभाग एवं राजस्व अधिकारियों को शत प्रतिशत किसानों का धान पंजीयन कार्य को निर्धारित तिथि के पूर्व पूर्ण कर लेने निर्देशित किया गया है। बैठक में कलेक्टर ने खेती किसानी में आई प्रगति और वर्षा की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर ने बैठक में उर्वरक की उपलब्धता की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसानों की मांग और आवश्यकता अनुसार सभी समितियां से उर्वरक उपलब्धता कराएं।

कलेक्टर शर्मा ने बैठक में गहरी चिंता करते हुए कहा कि सार्वजनिक स्थलों एवं अन्य खेल मैदानों सहित खुले मैदान में शराब सेवन किए जाने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। कलेक्टर ने बैठक में जिले में अवैध शराब विक्रय पर लगाम लगाने के लिए राजस्व, पुलिस एवं आबकारी विभाग को पैनी नजर रखने निर्देशित किया है। कलेक्टर ने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि किसी भी दशा में कोचियों के द्वारा अवैध रूप से शराब विक्रय ना हो यह सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि अवैध रूप से संचालित चखना सेंटरों पर भी कड़ी कार्रवाई किया जाए।

कलेक्टर शर्मा ने सरकारी खरीदी बिक्री के लिए बनाए गए जैम पोर्टल में पारदर्शिता के साथ खरीदारी करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने हिदायत देते हुए कहा कि सरकारी खरीदी में शासन द्वारा निर्धारित मानदंडों का पालन करें। कोई भी खरीदी करने के पूर्व निर्धारित गाइडलाइन का पालन करते हुए संबंधित फॉर्म्स को भुगतान करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा की खरीदी में गड़बड़ी पाए जाने की दशा में किसी भी अधिकारी को बक्सा नहीं जाएगा। कलेक्टर श्री शर्मा ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विभागों में हुए लेनदेन के संबंध में प्रतिमाह जीएसटी दाखिल करना सुनिश्चित करें। इसी तरह से प्रतिमाह टीडीएस कटौती दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस कार्य में लापरवाही नहीं बरतने कहा है।

# रकम दोगुना करने का झांसा देकर फरार डायरेक्टर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- बेमेतरा पुलिस ने बड़ा धोखाधड़ी प्रकरण सुलझाया

जिला बेमेतरा पुलिस ने पीएसीएल लिमिटेड से जुड़े एक बड़े धोखाधड़ी प्रकरण में फरार आरोपी नरेन्दर सिंह मेहता को गिरफ्तार कर एक बार फिर निवेशकों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित की है।

पीड़ित योगेन्द्र साहू और अन्य निवेशकों की शिकायत पर थाना बेरला में धारा 420, 409, 120 (बी), 34 भादवि, धारा 3,4 ईनामी चिट एवं धन परि. स्कीम पाबंदी अधिनियम 1978 तथा धारा 10 छ.ग. निक्षेपकों के संरक्षण अधिनियम 2005 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। जांच में सामने आया कि पीएसीएल के संचालक सुखदेव सिंह, त्रिलोचन सिंह, निर्मल सिंह भंगु, गुरमीत सिंह, सुब्रत भट्टाचार्य, सिकन्दर सिंह ढिल्लन ने निवेशकों को रकम दोगुना करने का झांसा देकर पैसे जमा करवाए और कंपनी बंद कर फरार हो गए। पूर्व में इन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया जा चुका है। थाना बेमेतरा पुलिस ने नरेन्दर सिंह मेहता को पंजाब के रूपनगर से गिरफ्तार कर ट्रांजिस्ट रिमांड लेकर बेमेतरा लाया और मंगलवार को थाना बेरला में फॉर्मल गिरफ्तारी की। प्रकरण के अन्य डायरेक्टरों और आरोपियों की तलाश जारी है।

**पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका:** इस महत्वपूर्ण कार्रवाई में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा निरीक्षक मयंक मिश्रा, थाना बेरला प्रभारी निरीक्षक ▶▶| शेष पेज 11 पर

# कलेक्टर जनदर्शन में मिले 35 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- सभी आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने मंगलवार कलेक्टरेट के दृष्टि सभा कक्ष में जनदर्शन का आयोजन किया गया। जिले के विभिन्न अंचलों से आए नागरिक अपनी-अपनी समस्याएं, मांगें एवं शिकायतें लेकर पहुंचे। कलेक्टर श्री शर्मा ने जनदर्शन में आए सभी आवेदनों को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को दूरभाष पर एवं समक्ष बुलाकर आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कई मामलों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। वहीं गंभीर और जांच योग्य प्रकरणों को टीएल पंजी में दर्ज कर नियमानुसार शीघ्र निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया।



### प्रधानमंत्री आवास और पेंशन आवेदन अधिक

आज आयोजित जनचौपाल में सबसे अधिक आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति और अस्वीकृति की जानकारी से संबंधित रहे। इसके अलावा वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित पेंशन, दिव्यांग पेंशन, बैटरी चालित ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराने, आम रास्ता खुलवाने, कटा हुआ रकबा जोड़ने तथा खाद गड्ढे को हटाने जैसी समस्याओं से जुड़े आवेदन भी प्राप्त हुए। कुल मिलाकर आज के जनदर्शन में 35 आवेदन प्राप्त हुए।

**ग्रामीणों की समस्याएं और मांगें :** ग्राम नगधा, तहसील नवागढ़ निवासी रामकृष्ण वर्मा ने आवेदन देकर अपनी भूमि को अन्य व्यक्तियों के खसरा नंबर में दर्ज होने की त्रुटि को सुधारने और भूमि वापस दिलाने की मांग की। ग्राम तूमा (झिरिया), तहसील बेमेतरा निवासी प्रेमकुमार साहू ने आवेदन देकर गांव में जले ▶▶| शेष पेज 11 पर

# एनएचएम कर्मचारियों का आंदोलन 15वें दिन भी जारी
# धरना स्थल पर संविदा शोषण प्रथा का पुतला किया दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- नियमितीकरण, ग्रेड पे और लंबित वेतन वृद्धि को लेकर कर्मचारियों की चेतावनी



राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम के कर्मचारियों ने धरना स्थल पर संविदा शोषण प्रथा का पुतला दहन कर सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। अनिश्चित कालीन हड़ताल पर लगभग 400 कर्मचारी पिछले 15 दिनों से अपनी प्रमुख मांगों को लेकर धरनास्थल पर बैठे है।

जिसमें नियमितीकरण, सिविलियन, ग्रेड पे, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, अनुकंपा नियुक्ति, स्थानांतरण नीति और लंबित 27% वेतन वृद्धि को लेकर आंदोलनरत है। बता दें कि मोदी की गारंटी में 100 दिन का वादा अधूरा, नियमितीकरण सहित मांगों को लेकर बड़े आंदोलन की तैयारी शहर में जनजागरण अभियान किया गया। जिलाध्यक्ष पूरन दास एवं प्रवक्ता डॉ. बृजेश कुमार दुबे ने कहा कि सरकार आंदोलनरत कर्मचारियों को भ्रमित करने की कोशिश कर रही है। 15 दिन के लंबे आंदोलन के बाद भी कोई सकारात्मक पहल न होना, मोदी की गारंटी के प्रति सरकार की उदासीनता को दर्शाता है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो वे मंत्रियों के आवास का घेराव करेंगे। उन्होंने साफ कहा कि किसी भी विषम परिस्थिति की जिम्मेदारी सरकार की होगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 के चुनावी घोषणा पत्र समिति के प्रदेश संयोजक एवं दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल पहले ही कह चुके हैं कि एनएचएम कर्मचारियों की मांगें जायज है और यह मुद्दा मोदी की गारंटी एवं भाजपा के घोषणा पत्र में भी शामिल है।

कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि वे नियमितीकरण, ग्रेड पे और 10 सूत्रीय मांगपत्र पर लिखित आदेश जारी होने तक आंदोलन समाप्त नहीं करेंगे। विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल हुए। जिनमें डॉ. अभिषेक यादव, डॉ. डोमन यादव, मनीष शर्मा, डॉ. सुमित मिश्रा, डॉ. नीलेश देवागन, लक्ष्मी पटेल, कुसुम पटेल, दामिनी वर्मा, सोनम मंडले, डॉ. तृप्ति दुबे, हेमलता कुर्रे सहित 400 से अधिक एनएचएम कर्मचारी मौजूद रहे।

## निजी और सार्वजनिक नलकूपों के पास गड्ढा बनाकर पानी संचित करने की पहल

# वाटर हार्वेस्टिंग से झांकी में दूर हुआ जल संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

लंबे समय से पानी की कमी से जूझ रहे ग्राम झांकी ने अब जल संकट पर काबू पाने के लिए पूर्व सरपंच युवराज सिंह ठाकुर के नेतृत्व में एक अनुकरणीय पहल शुरू की है। युवराज सिंह के मार्गदर्शन में गांव में डायरेक्ट और इन-डायरेक्ट वाटर हार्वेस्टिंग लागू की गई, जिसमें निजी और सार्वजनिक नलकूपों के पास गड्ढा बनाकर पानी संचित किया गया। इस पहल का असर तुरंत दिखा और स्थानीय जल स्तर में सुधार आया। युवराज सिंह ठाकुर ने कहा कि जल संरक्षण सिर्फ योजना नहीं, बल्कि हमारी जिम्मेदारी है। ग्रामवासियों के सहयोग से यह पहल सफल हुई। अब झांकी ही नहीं, आसपास के गांवों में भी पानी की स्थिति बेहतर हुई है।

**जहां 1 एचपी का पम्प मुश्किल, वहां चल रहा 3 एचपीः** पहल का असर खेतीहर भूमि पर सबसे स्पष्ट दिखाई दे रहा है। जहां पहले मुश्किल से 1 एचपी का पम्प चलता था, अब 3 एचपी का पम्प भी आसानी से काम कर रहा है। ग्रामीण सीताराम साहू, पुनीत साहू और सोहित निषाद ने बताया कि इस पहल से उनकी खेती में सुधार हुआ और पानी की समस्या काफी हद तक कम हुई है।





### किसानों की बात

सीताराम साहू ने कहा कि पहले खेतों में पानी की कमी के कारण खेती मुश्किल होती थी, अब नलकूपों में पानी की पर्याप्त आपूर्ति से काम आसान हो गया है। पुनीत साहू ने कहा कि गड्ढा बनाने और वाटर हार्वेस्टिंग करने से जमीन का पानी बरकरार रहता है और जल स्तर बढ़ा है। सोहित निषाद ने बताया कि पहले मुश्किल से 1 एचपी का पम्प चलता था, अब 3 एचपी का पम्प भी आसानी से काम कर रहा है, जिससे पूरी खेती लाभान्वित हो रही है। **यह पहल मिशालः** सरपंच राजकुमारी भारती ने कहा कि युवराज सिंह की यह पहल पूरे क्षेत्र के लिए मिसाल है। सामूहिक प्रयास और जागरूकता से जल संकट जैसी समस्या पर काबू पाया जा सकता है। अन्य गांव अब इस पहल का अनुकरण करने लगे हैं।

# जिला न्यायाधीश ने ली बैंक एवं फाइनेंश कंपनी के अधिकारियों की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष बृजेन्द्र कुमार शास्त्री की अध्यक्षता व अनिता कोशिमा रावटे सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा की मौजूदगी में बैंक एवं फाईनेंश कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक की गई। उक्त बैठक में संबंधित अधिकारियों से अधिक से अधिक प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण के लिए. उनके समय सीमा पर प्रस्तुतिकरण पंजीयन एवं नोटिस तामिली व न्यायालय में लंबित चेक बाउंस के प्रकरणों के निराकरण पर चर्चा की गई। अधिकारीगण से प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के पक्षकारों पर नोटिस की तामिली एवं उनके साथ सौहाद्रपूर्ण रूप से राजीनामा करने पर चर्चा की गई।

# एसएलआरएम सेंटर के आसपास गंदगी देख मेयर ने फटकारा, ठेकेदार को जारी होगा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

महापौर अलका बाघमार ने सोमवार की सुबह वार्ड 18 और 19 का औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ निगम लोककर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी नीलेश अग्रवाल,पार्षद रंजीता पाटिल, सवित्री दमाहे, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा, उपअभियन्ता विकास दमाहे सहित अन्य मौजूद थे। सुबह 9:30 बजे शुरू हुए निरीक्षण के दौरान महापौर ने गलियों और नालियों का निरीक्षण किया। स्थानीय नागरिकों की शिकायत पर जब उन्होंने राइस मिल के पीछे बड़ी गलियों और नालियों की स्थिति देखी तो वहां भारी गंदगी पाई। सफाई कार्य में गंभीर लापरवाही देखकर वे नाराज़ हुईं और मौके पर ही सफाई दरोगा को फटकार लगाते हुए स्वास्थ्य अधिकारी को कार्रवाही करने के निर्देश दिए।

महापौर ने अधिकारियों और सफाई अमले को स्पष्ट आदेश दिए कि वार्ड की गलियों और बड़ी-छोटी नालियों की सफाई तल तक की जाए। उन्होंने कहा कि नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए और इस संबंध में कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## महापौर ने सफाई दरोगा को लगाई जमकर फटकार, नालियों की सफाई के साथ नाली के ऊपर अतिक्रमण हटाने के निर्देश



### ठेकेदार की लापरवारी के कारण सफाई व्यवस्था प्रभावित

कैलाश नगर वार्ड 19 व 18 वार्ड के बीच निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि नाली निर्माण कार्य में ठेकेदार की लापरवाही के कारण निकासी व्यवस्था प्रभावित हो रही है। बड़ी नालियों के अंदर सेंट्रिंग मटेरियल छोड़े जाने से पानी की निकासी बाधित हो रही थी। इस पर उन्होंने संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश लोक कर्म प्रभारी श्री चंद्राकर ने अधिकारियों को दिए। महापौर ने क्षेत्र में जगह-जगह नालियों और गलियों के ऊपर अस्थाई निर्माण और अतिक्रमण देखकर नाराज़गी जताई और तुरंत बेदखली का आदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि आगे यदि इस तरह की लापरवाही या अवैध निर्माण पाया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।



## खबर संक्षेप

### 125वें एपिसोड का पुरैना मंडल में सुनी मन की बात



**उतई।** भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान व प्रदेश संगठन के निर्देश पर जिला भाजपा के मार्गदर्शन में मरोदा पुरेना मंडल के शक्ति केन्द्र डुन्डेरा के बुथ क्रमांक 156 में सभी वर्ग के लोगो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात एपिसोड 125 का श्रवण किया ।

इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता केशव महिपाल, नारायण निर्मलकर,बूथ अध्यक्ष रंजना मानिकपुरी, योगेश धनकर, योगेश महिपाल भाजपा सक्रिय कार्यकर्ता, अंजू देवांगन, कमलेश वर्मा, लवण्या साहू,हिंछाराम महिपाल,वैष्णवी ठाकुर, मोनिका सारथी शंकर दास महिलांगे, चंद्रहास ,जागृति ढीमर,नामदेव निषाद ,रौनक साहू, धवल निषाद, देवेंद्र महिपाल एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### चंदखुरी शक्ति केंद्र पर बूथ में सुनी मन की बात

**अंडा।** मां की बात कार्यक्रम का 125 वां एपिसोड दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के चंदखुरी शक्ति केंद्र पर बूथ क्रमांक 79, 79, 80, 81, 82, 83, 84 के बस स्टैंड चौक के सुजाता होटल व रेस्टोरेंट पर बैठकर मन की बात कार्यक्रम में सम्मिलित हुए जिसमें प्रमुख रूप से कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी व पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुकेश बेलचंदन और प्रभारी राजू चंद्राकर बूथ अध्यक्ष नरसिंह यादव, पोषण देवांगन, संजय बघेल, सुशील देवांगन, भूपेंद्र साहू आदि मौजूद थे।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी पिछले 15 दिनों से हड़ताल पर

# हड़ताली कर्मियों को सांसद का मिला समर्थन सरकारी अस्पतालों में मरीज होते रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई/दुर्ग

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के बैनर तले राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के 16 हज़ार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी जो 18 अगस्त से 10 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन पर हैं। आंदोलन के 15 वें दिन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जिला के करीब 200 कर्मचारियो ने जिला अध्यक्ष डॉ. आलोक शर्मा के नेतृत्व में सांसद विजय बघेल से मुलाकात की।

सांसद ने इस दौरान वाजिब मांगों का समर्थन किया। इस पर संगठन ने उनका आभार व्यक्त किया।बघेल ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी विगत 20 सालों से काम कर रहे हैं। हमने घोषणा पत्र में भी इनकी मांगो को सम्मिलित किया था। 100 दिन में नियमितीकरण के लिए कमेटी बनाने, संघ के सदस्य को सम्मिलित करने का वादा हमने किया था। राज्य स्तर की मांगे माननीय मुख्यमंत्री और केंद्र स्तर की मांगे केंद्र से पूरी कराने पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से भी चर्चा करके जल्दी मांगों को पूरा करने का भरोसा दिलाया। आंदोलन के स्वरूप के बारे में बताते हुए प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमित कुमार मिरी ने बताया कि, विधानसभा चुनाव 2023 में भारतीय जनता पार्टी ने मोदी की गारंटी का नारा देते हुए अपना घोषणा पत्र बनाया जिसमें हम एनएचएम के कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान का वादा किया गया है। इस सरकार के कार्यकाल में 170 से अधिक ज्ञापन देने के पश्चात कोई सुनवाई न होने पर विवश होकर प्रदेश के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत 16 हज़ार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन आंदोलन पर हैं।



### दो दशक बाद भी शोषण की पराकाष्ठा, जारी रहेगी लड़ाई

दुर्ग जिला अध्यक्ष डॉ. आलोक शर्मा ने जानकारी दी कि शोषण की पराकाष्ठा हो चुकी है। 20 साल का शोषण का समय छोटा मोटा समय नहीं, 20 साल में से 15 साल भारतीय जनता पार्टी की ही सरकार थी। दूसरे राज्यों से यहां के कर्मचारियों की स्थिति अत्यंत दयनीय है। इसी के विरोध में हमने शासन के दमन के आगे ना झुकने का फैसला किया है। पिछले दिनों हमने केस दान किया था। नोटिस की प्रति फाड़ कर विरोध करेंगे।

### 5 मांगे मान ली गईं हैं यह शासन का दुष्प्रचार है

हड़ताली कर्मचारियों ने स्वास्थ्य मंत्री जी के इस बयान का भी खंडन किया है कि एनएचएम के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की 10 सूत्री मांगों में से पांच मांगे पूरी कर दी गई है। कर्मचारियों का कहना है कि यह पूरी तरह से सही नहीं है। भ्रामक बात है। केवल दो ऐसी मांग है जिस पर सर्कुलर जारी हुआ है। अन्य किसी भी मांग पर उचित निर्णय नहीं लिया गया है। मांगों के स्वरूप को बदलने का प्रयास शासन- प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। दो दशकों से शोषित, पीड़ित, अल्प वेतन में काम कर रहे एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अपने नियमितीकरण, स्थाईकरण पब्लिक हेल्थ कैडर, ग्रेड पे, अनुकंपा नियुक्ति जैसी जरूरी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं।

## शास्त्री हॉस्पिटल सुपेला में हड़ताल का असर, मरीज होते रहे परेशान

**भिलाई।** लंबित मांगों को लेकर एनएचएम कर्मचारियों की प्रदेशव्यापी बेमुद्दत हड़ताल के कारण जिला अस्पताल दुर्ग और शासकीय शास्त्री अस्पताल सुपेला में मरीजों के साथ कार्यरत चिकित्सा कर्मियों व डाक्टरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

हड़ताल के चलते सोमवार को भी दोनों अस्पतालों में कामकाज प्रभावित हुआ। छग एनएचएम कर्मचारी संघ के बैनर तले सामाजिक सुरक्षा के लिए संविलियन और स्थाईकरण सहित अन्य लंबित मांगों को लेकर प्रदेश के साथ जिला के एनएचएम कर्मी 18 अगस्त से प्रांतव्यापी हड़ताल पर हैं। कर्मचारी संघ के मुताबिक जिले में 850 और राज्य में 16 हजार एनएचएम कर्मचारी हड़ताल कर रहे हैं। हड़ताली एनएचएम कर्मियों में नर्स, फार्मासिस्ट, वार्ड ब्वाय, ड्रेसर, ओटी असिस्टेंड आदि कर्मी शामिल हैं। इससे जिला चिकित्सालय व सुपेला अस्पताल सहित ट्विनसिटी के सभी शासकीय अस्पतालों में ओपीडी,वार्ड कैजुअल्टी, इंजेक्शन रुम, मेडिसीन आदि विभागों में मरीजों को परेशान होना पड़ रहा है।

### शासकीय सुपेला अस्पताल में बढ़ा वर्कलोड

एनएचएम कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल से शासकीय सुपेला अस्पताल मरीजों को दिक्कतों के साथ डाक्टरों सहित ड्यूटी करने वाले नियमित स्टाफ को भी हलाकान होना पड़ा। डाक्टरों के कक्ष में मरीजों की लंबी लाइन लगी रही। वहीं इंजेक्शन लगवाने भी एक ही नर्स होने के कारण लोग इंतजार करते रहे। विदित हो कि सुपेला अस्पताल में डाक्टरों सहित अन्य स्टाफ की भारी कमी है। सेंग्शन पोस्ट के बहुत कम स्टाफ से अस्पताल प्रशासन काम चलाने की कोशिश कर रहा है । इसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। मरीजों ने बताया कि सुपेला अस्पताल शहर के मध्य में होने से भिलाई और आसपास के मरीज यहां आते हैं। इसे देखते हुए शासन का जल्द स्टाफ सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवान की जरुरत है।

## मंत्री गजेन्द्र का कांग्रेस पर हमला कहा- अमर्यादित भाषा बोलने के आदी हो चुके हैं कांग्रेस के नेता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने कांग्रेस पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने दरभंगा की सभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी स्व. माताजी के लिए किए गए अमर्यादित भाषा के इस्तेमाल पर कहा कि कांग्रेस पार्टी अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करने की आदी हो चुकी है।

मां का अपमान कांग्रेस की पहचान बन गई है। दरभंगा की सभा में जिस प्रकार की अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया, उसके मूल में स्वयं राहुल गांधी है। यदि उनके हाल के भाषणों को विश्लेषण किया जाए तो स्पष्ट होता है कि वे पिछले कई दिनों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तू कहकर संबोधित कर रहे हैं, जो मर्यादा की पूरी तरह से अवहेलना है। आज इस बिहार की जनता राहुल गांधी की भाषा को देख परख रही है और निश्चित ही इसका उत्तर आनेवाले समय में देगी। कांग्रेस के लिए अभद्र भाषा कोई नहीं बात नहीं है, संसद सत्र के दौरान पूरे राष्ट्र ने देखा कि कांग्रेस सांसद वेल में खड़े होकर लगातार चोर चोर के नारे लगा रहे थे, स्थिति इतनी गंभीर हुई कि लोकसभा के अध्यक्ष को स्वयं यह कहना पड़ा की भाषा की मर्यादा चकनाचूर हो गई है।

■ पीएम मोदी और उनकी स्व. माता पर किए गए अमर्यादित भाषा के इस्तेमाल पर बोले केबिनेट मंत्री यादव

आज राहुल गांधी स्वयं कांग्रेस के नए मणिशंकर अय्यर बन गए हैं। दरअसल कांग्रेस पार्टी में मणि शंकर अय्यर के जाने के बाद एक ऐसे व्यक्ति की कमी थी, उस रिक्त स्थान को राहुल गांधी ने स्वयं भर दिया है। यह बातें केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने जिला भाजपा कार्यालय में कहीं। इस दौरान दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, बालोद जिला भाजपा अध्यक्ष चिम्मन देशमुख, महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, उपाध्यक्ष दिलीप साहू, जिला भाजपा मीडिया प्रभारी राजा महोबिया मौजूद रहे। गजेंद्र ने कहा कि कांग्रेस और विपक्ष ने लगभग सभी संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बनाया है। राहुल गांधी और कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट तक को सड़कों पर घसीटा, न्यायाधीशों पर आरोप लगाए गए और फैसलों पर पक्षपात का ठप्पा लगाया गया, यह सीधे-सीधे सुप्रीम कोर्ट पर हमला है। इसी प्रकार आज चुनाव आयोग को भी रोज अग्निपरीक्षा से गुजरना पड़ता है, क्योंकि हर बार आयोग पर आए दिन आधारहीन आरोप लगाए जाते हैं।

# प्राचार्य पदोन्नति फोरम ने जताया स्कूल शिक्षा मंत्री के प्रति आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

स्कूल शिक्षा विभाग के ट्राइबल क्षेत्र टी संवर्ग में विगत 2013 से लंबित प्राचार्य पदोन्नति की प्रक्रिया पर त्वरित निर्णय लेकर 29 अगस्त को व्याख्याता एवं प्रधान पाठक माध्यमिक विद्यालय से 1222 पदोन्नत प्राचार्यों की पदस्थापना आदेश जारी करने को लेकर प्राचार्य पदोन्नति फोरम के संयोजक अनिल शुक्ला ने प्रतिनिधि मंडल के साथ मंत्री गजेंद्र यादव का उनके निवास में मिठाई खिलाकर स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से आभार व्यक्त किया।

■ प्राचार्य पदोन्नति फोरम ने मंत्री के सामने रखी बात

शिक्षा मंत्री यादव ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव की सरकार शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि प्राचार्यों की पदस्थापना हो जाने से शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि एवं प्रशानिक कसावट आएगी। स्कूल शिक्षा मंत्री का पदभार ग्रहण करते ही



सबसे पहली फाइल में प्राचार्यों की पदस्थापना को अनुमोदित कर उन्होंने त्वरित निर्णय लेने की कार्य शैली को उजागर किया। मंत्री ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि ई संवर्ग के पदोन्नत प्राचार्यों की भी पदस्थापना आदेश शीघ्र जारी होंगे। पदोन्नति प्राचार्यों में कुछ प्राचार्यों की 31 अगस्त को सेवानिवृत को देखते हुए उन्होंने 29 अगस्त को ही आदेश जारी करने के निर्देश दिए थे। इस अवसर पर प्राचार्य पदोन्नति फोरम के मोहसिन अली, देवेंद्र कुमार वर्मा, राजेश द्विवेदी, विकास सिन्हा एवं आरीफ खान शामिल थे।

## मास्टर प्रवीण खिलाड़ियों को देंगे निःशुल्क प्रशिक्षण

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ द्वारा राज्य के चयनित खिलाड़ियों के लिए अगस्त माह से लगातार निःशुल्क ऑनलाइन शतरंज प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शतरंज प्रशिक्षण शिविर केवल तकनीकी अभ्यास का मंच ही नहीं, बल्कि खिलाड़ियों में अनुशासन, एकाग्रता और मानसिक दृढ़ता विकसित करने का साधन भी है। विशेषज्ञ कोचों से मिलने वाला मार्गदर्शन बच्चों को न केवल शतरंज की बारीकियाँ सिखाता है, बल्कि हार-जीत की मनोवैज्ञानिक तैयारी भी कराता है। पहला कैंप कैंडिडेट मास्टर रवि कुमार के निर्देशन में 9 से 14 अगस्त तक हुआ, जिसमें 18 बाल खिलाड़ियों ने भाग लिया। संघ का अगला प्रशिक्षण कैंप वरिष्ठ ग्रैंडमास्टर प्रवीण थिप्से के मार्गदर्शन में 11 से 17 सितम्बर तक छत्तीसगढ़ में आयोजित किया जाएगा।

# यूरिया खाद की किल्लत और कालाबाज़ारी के खिलाफ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

प्रदेश के हर जिलों के साथ-साथ दुर्ग में यूरिया खाद की किल्लत और कालाबाज़ारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने सोमवार को धरना प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी के प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा कि हिंदी भवन के सामने में किसानों की समस्यायों पर धरना प्रदर्शन किया गया।

■ आप कार्यकर्ता जुटे जिला मुख्यालय में, शासन-प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी

प्रदेश संगठन मंत्री संजीत विश्वकर्मा ने कहा कि आधा खरीफ सीजन गुजर जाने के बाद भी राज्य में यूरिया की कमी किसानों के लिए




चिंताजनक है। इस बार सरकार समय पर डीएपी खाद भी उपलब्ध नहीं करा पाई है। प्रदेश सयुंक्त सचिव देवेंद्र भाटिया ने कहा आज जो यूरिया और खाद की कमी हुई है, इसमें सरकार की नाकामी है। लोकसभा अध्यक्ष गीतेश्वरी बघेल ने कहा कृषि विभाग ने यूरिया और खाद की आपूर्ति के लिए कोई योजना नहीं बनाई थी। लोकसभा सचिव ज्ञान प्रकाश तिवारी ने कहा प्रदेश के कुछ जगहों पर परेशान किसानों द्वारा आत्महत्या करने की भी कोशिश की है। जिला पदाधिकारी रवि साहू ने कहा लेकिन सरकार को किसानों की समस्याओं से कोई वास्ता नहीं है। दुर्ग नगर निगम अध्यक्ष संजय सिंह छत्तीसगढ़ में इस खरीफ सीजन के लिए किसानों ने करीब 1200 करोड रुपए का कर्ज लेकर धान और अन्य फसलों की जैसे तैसे खाद की कमी के बावजूद बुवाई की है लेकिन सही समय पर यूरिया की कमी से उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं। जिला पदाधिकारी दिवाकर ठाकुर ने कहा बारिश के इस महत्वपूर्ण समय में यूरिया की अनुपलब्धता से फसल उत्पादन पर असर पड़ने का भी खतरा मंडरा रहा है।

आम आदमी पार्टी ने गंभीर आरोप लगाया किसानों को 266 रूपये में मिलने वाला यूरिया 1200 में लेना पड़ रहा है। पहले 1350 रुपए प्रति बैग वाली डीएपी को 2200 रूपये में निजी विक्रेताओं से मजबूरी में खरीदना पड़ा था। यूरिया की किल्लत और कालाबाज़ारी से राज्य के किसान परेशान हैं।प्रदेश सरकार की नाकामी से सबका पेट भरने वाला किसान आज परेशान हैं। इस अवसर पर अजय रामटेके, सतीश साहू, चुम्मान साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## खोरपा निवासी ने मुआवजा राशि प्रदान करने दिया आवेदन, 102 आवेदन आए

# प्राकृतिक आपदा से हुआ नुकसान, जनदर्शन पहुंची समूह की महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव भी उपस्थित थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 102 आवेदन प्राप्त हुए।

धमधा विकासखण्ड के वीर महिला ग्राम संगठन सण्डी (बिहान) की महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं ने प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान को लेकर आर्थिक सहायता की मांग की। महिलाओं ने बताया कि समूह विगत 2022 से ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत मुर्गी पालन का कार्य कर रही है। हाल ही में हुए बारिश व तूफान से उनका मुर्गी पालन केंद्र पूरी तरह नष्ट हो गया, जिससे उनकी आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है। समूह ने ऋण लेकर यह व्यवसाय शुरू किया था और समय पर भुगतान भी किया गया। केंद्र की मरम्मत और व्यवसाय को पुनः शुरू करने के लिए आर्थिक सहायता हेतु आवेदन दिया। इस पर कलेक्टर ने सीईओ धमधा को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा।

### खोरपा के किसान को अब तक नहीं मिला मुआवजा, कलेक्टर से की शिकायत

खोरपा वार्ड क्रमांक 13 पाटन निवासी ने अधिग्रहित भूमि का मुआवजा राशि प्रदान करने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि उतई-तरीघाट-पाटन मार्ग के निर्माण हेतु उनकी निजी भूमि का अधिग्रहण किया गया था। सड़क निर्माण कार्य कुछ ही महीनों में पूरा हो गया, लेकिन अब तक उन्हें मुआवजा राशि नहीं मिला है। इस संबंध में उनके द्वारा लोक निर्माण विभाग में भी आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने जल्द से जल्द मुआवजा राशि प्रदान करने की मांग की ताकि वे अपने जर्जर हुए मकान का निर्माण कर सकें। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम पाटन को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

### आदिवासी बालक छात्रावास में नहीं स्थाई अधीक्षक

शासकीय पोस्ट मैट्रिकोत्तर आदिवासी बालक छात्रावास के छात्रों ने स्थाई अधीक्षक नियुक्ति करने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि एक स्थानीय छात्रावास में स्थायी अधीक्षक की नियुक्ति न होने के कारण छात्रों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। छात्रों ने जल्द से जल्द स्थायी अधीक्षक की नियुक्ति करने की मांग की ताकि उन्हें मूलभूत सुविधाएं समय पर मिल सकें। आजाद पारा भिलाई वार्ड क्रमांक 14 के निवासी ने आवास सहायता की मांग की। उन्होंने बताया कि वे पिछले 40 वर्षों से कच्चे मकान में रह रहे हैं, जो अब पूरी तरह जीर्ण-शीर्ण हो चुका है। बारिश में घर में पानी भर जाता है और दीवारें टूट चुकी हैं। वह मोची का कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। एक हादसे में उनका दाहिना हाथ फेक्चर हो गया था, जिससे अब वे पूरी तरह से काम करने में असमर्थ हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना या किसी अन्य माध्यम से पक्का मकान उपलब्ध कराने आवेदन दिया।



## राज्य स्तरीय मेगा साइकिल रैली में संडे ऑन साइकिल का लिया संकल्प

**भिलाई।** भारतीय खेल प्राधिकरण भारत सरकार के फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के सहयोग से संडे ऑन साइकिल का 29वां संस्करण का राज्य स्तरीय मेगा साइकिल रैली के रूप में आयोजित किया गया। यह आयोजन फिटनेस और स्वास्थ्य जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण के साथ साइक्लिंग संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए किया गया था।

रैली प्रगति भवन से प्रारंभ होकर ऑफिसर्स एसोसिएशन, सिविक सेंटर, शहीद उद्यान, परिवार चौक, रेल चौक, डीपीएस चौक, एसएसबी चौक होते हुए जयंती स्टेडियम का चक्कर लगाकर पुनः प्रगति भवन में सम्पन्न हुई। रैली में 400 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर दुर्ग सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर, महापौर दुर्ग अलका वाघमर, अध्यक्ष खादी ग्रामोद्योग बोर्ड राकेश पाण्डेय, विनोद खाण्डेकर, सत्यनारायण राठौर, अपर कलेक्टर अभिजीत सिंह, आयुक्त भिलाई निगम राजीव पाण्डेय, महाप्रबंधक बीएसपी नरेंद्र बंछोर, परविंदर सिंह ग्रेवाल, ओलंपिक बॉक्सिंग खिलाड़ी राजेंद्र प्रसाद सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। सांसद विजय बघेल ने नागरिकों को शपथ दिलाई कि वे शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से स्वस्थ रहेंगे और अपने परिवार एवं समाज को भी स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करेंगे।

## खबर संक्षेप



### अर्चना बनी तीज क्वीन

**भिलाई।** महिला समाज की शाखा सेक्टर-1 द्वारा भव्य तीज मिलन का आयोजन स्टील क्लब भिलाई में किया गया। अदिति ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के गेम हाऊजी, गानें, डांस, रेम्प वॉक का आयोजन किया गया। तीज क्वीन काम्पीटिशन में अर्चना वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रनर अप हर्ष रामटेक, सीमा लडार रहीं। अतिथि के रूप में भिलाई महिला समाज की कार्यकारी अध्यक्षा स्मिता गिरी, उपाध्यक्ष हवि निगम उपाध्यक्ष रेणु रविन्द्रनाथ मौजूद थीं। सचिव सोनाली रथ, सह सचिव चैती पाल, कोषाध्यक्ष शिखा जैन, सह कोषाध्यक्ष, शेता तिवारी, वर्किंग कमेटी की अतिथि सपना सोनी, रूखसान शेख, नीलिमा साइ, सुधा शमी, अदिति सिंगल, माधवी ठाकरे, रश्मि पुरोहित सहित अन्य मौजूद थे।

### एसएमएस-3 में स्टील ज़ोन क्विज़ का आयोजन



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-3 में स्टील ज़ोन सेफ्टी क्विज़ का आयोजन एसएमएस-3, वर्क्स बिल्डिंग-5 के कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। इस प्रतियोगिता में ठेका श्रमिकों ने सुरक्षा ज्ञान की उत्कृष्ट क्षमता का प्रदर्शन किया। कुछ विभागों से अनस्किल्ड वर्कर श्रेणी की महिला प्रतिभागियों ने भी प्रतिभागिता दर्ज की। प्रतियोगिता में सात विभागों एसएमएस-2, एसएमएस-3, एमआरडी-आरएमडी, आरसीएल, ओपी-2, पीएलईएम तथा आरईडी ने भाग लिया। 21 टीमों में से एसएमएस-3 से हेमलता देवांगन, गलेन्द्र साहू और ताम्रध्वज की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय व तृतीय स्थान एसएमएस-2 से राजेश्वर प्रसाद वर्मा व सुमीत द्विवेदी तथा टी विजय कुमार और रूपेन्द्र कुमार साहू की टीम ने प्राप्त किया।

## कृषि विज्ञान केंद्र में बलराम जयंती पर किसान दिवस का आयोजन हुआ

# जैविक खाद से मिट्टी में बढ़ेगी उर्वरा शक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि विभाग बेमेतरा के संयुक्त तत्वावधान में बलराम जयंती के उपलक्ष्य में प्राकृतिक खेती, गौ कृषि वाणिज्यम एवं तिलहन उत्पादन विषय पर किसान दिवस का आयोजन किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र बेमेतरा के वरिष्ठ वैज्ञानिक तोषण कुमार ठाकुर ने किसान दिवस कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कृषकों को प्राकृतिक खेती के पांच स्तंभ बीजामृत, जीवामृत, फसल आच्छादन, वापसा एवं पौधा संरक्षण के बारे में जानकारी दी। कृषकों को बताया कि समय के साथ खेती में मिट्टी की उर्वरक उपयोग क्षमता में जो कमी आ रही है, जिसके कारण अधिक रासायनिक उर्वरक उपयोग करने के बावजूद उत्पादन में वृद्धि नहीं हो पा रही है उसके समाधान के लिए तथा मृदा स्वास्थ्य व कृषि उपज की गुणवत्ता को बेहतर करने के लिए प्राकृतिक खेती के महत्व को समझना व अपनाना जरूरी है।



श्री विद्यानंद ठाकुर ने बलराम दिवस की महत्ता को बताया। उन्होंने कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि वे स्वयं एक किसान है और गौ-पालन के साथ प्राकृतिक खेती भी करते हैं। खेती को टिकाऊ, कम खर्चिला व लाभप्रद बनाने के लिए सभी किसानों को प्राकृतिक खेती करना चाहिए। उन्होंने बताया कि उनका संगठन किसानों की कृषि से संबंधित समस्याओं को शासन व प्रशासन के संज्ञान में लाते हुए उसके निराकरण हेतु निरंतर प्रयासरत व प्रतिबद्ध है। श्री रवि वर्मा द्वारा अपने उद्बोधन में खेती में कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने व उत्पादन लागत को कम करने के लिए सीडड्रिल एवं अन्य उपयोगी कृषि यंत्रों का कृषकों को उपयोग करने का सलाह दिया जिससे ज्यादा से ज्यादा उत्पादन व लाभ प्राप्त किया जा सके। उन्होने कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश व देश में बेमेतरा जिला की परंपरागत पहचान जिले के कृषकों द्वारा फसल विविधकरण एवं प्रगतिशील खेती को अपनाने से हुई है और इस पहचान को बनाये रखने की जिम्मेदारी हम सभी किसानों की है।

इस अवसर पर कृषकों को सलाह दिया कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु कृषक एक एकड़ खेती के लिए एक गाय अवश्य पालें तथा गांव में यदि 50 एकड़ में खेती होती है तो 48 एकड़ क्षेत्रफल में विभिन्न फसल लगाये एवं 2 एकड़ क्षेत्रफल पर कृषक नेपीयर, बरसीम, मक्का इत्यादि जैसे चारें वाली फसलों को अवश्य उगाये ताकि कुशलता पूर्वक गौपालन का कार्य किया जा सके।

# जवाहर नगर में अवैध निर्माण तोड़ने के दौरान विरोध, जोन आयुक्त से हुई कहासुनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



वैशालीनगर जोन-2 स्थित जवाहर नगर में कतिपय सामाजिक प्रतिनिधियों द्वारा मंदिर के नाम पर अवैध निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर अभिजीत सिंह से हुई शिकायत के बाद निगम ने अतिक्रमण हटाया। सोमवार को कार्रवाई के दौरान मौके पर वैशालीनगर जोन आयुक्त ऐशा लहरे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकर्ताओं ने विरोध भी किया। इस दौरान जोन आयुक्त से कहासुनी भी हुई। बावजूद इसके निगम ने कब्जा हटा दिया। बता दें कि शहर में लगातार अतिक्रमण की शिकायतें सामने आ रही है। इसके बाद निगम द्वारा कब्जा हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इधर निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने सोमवार को नेहरू नगर भेलवा तालाब में आवश्यक सुधार कार्य, जुनवानी स्थित आनंद नगर में स्वीकृत रोड निर्माण, डिजाइनर पोल एवं तालाब की साफ-सफाई का निरीक्षण किया। आयुक्त ने भेलवा तालाब के साफ-सफाई व्यवस्था को देखे और आवश्यक सुधार के लिए निर्देशित किया। जुनवानी स्थित आनंद नगर में नया रोड निर्माण किया जाना है। उक्त स्थल का अवलोकन कर रोड निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारंभ करने निर्देशित किया। एजेंसी से मौके पर निगम आयुक्त द्वारा चर्चा किया गया है, जिसके अनुसार तत्काल कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

# नाली निर्माण कार्य जांच आदेश ठंडे बस्ते में

## कलेक्टर के आदेश के बाद भी जांच का अता पता नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/देवकर

नगर के वॉर्ड नंबर 3, गौरव पथ के एक किनारे 975 मीटर की दूरी तक 39.75 लाख की लागत से आर. सी. सी. नाली निर्माण का वर्क ऑर्डर नगर पंचायत ने जारी किया था। कार्य के दौरान 11 के. वी. के दो पोल पूर्व से स्थापित नाली के बीचों बीच आ गया था, जिसकी भनक लगते ही विद्युत विभाग हरकत में आई।

बिना एन. ओ. सी. का निर्माण कार्य, जिससे लगभग 15 विद्युत पोल कार्य के बीचों बीच आ रहा था भविष्य में आकस्मिक विद्युत दुर्घटना की संभावना को लेकर , जान माल की नुकसान की जिम्मेदारी और खुद के मद से पोल शिफ्टिंग के लिए 25 और 28 जुलाई की तिथि में नगर पंचायत प्रशासन को नोटिस जारी किया गया। विद्युत विभाग की माने तो पोल शिफ्टिंग में लगभग 2 से 2.50 लाख का खर्चा आ रहा है। सटिक और सही प्लानिंग के अभाव और घोर लापरवाही के चलते शासन को लाखों का चुना उक्त दोनों अधिकारी के द्वारा लगाया जा रहा है। तीन बिंदुओं में - घटिया मटेरियल की जांच, विद्युत विभाग से बिना एन.ओ.सी.का कार्य प्रारंभ और पोल शिफ्टिंग में संभावित खर्च को पार्षद निधी से अनुशंसा के लिए पार्षद के ऊपर दबाव की शिकायत 1अगस्त को साजा विधायक और कलेक्टर से की गई। लापरवाही, कार्य के प्रति उदासीनता,नियमों की अनदेखी और शासन को लाखों का चुना की संभावना के मद्देनजर फ़ौरन अतिरिक्त कलेक्टर अनिल बाजपेयी ने जांच कर रिपोर्ट भेजने के लिए एस. डी. एम. राजस्व साजा को निर्देशित किया। पूरा एक महीने बीत जाने के बाद भी जॉच टीम का अता पता नहीं है। इसका फायदा उठाते हुए कार्य स्थल से प्रतिबंधित काली गिट्टी और मिट्टी मिली लोकल घाट कि रेत को रात के अंधेरे में ठेकेदार के द्वारा उठवा लिया गया। जिम्मेदार सब इंजीनियर संजय मोटवानी का तबादला गरियाबंद हो गया है तो वही सी.एम.ओ. केश राम साहू भी तबादला की जुगत में है। कुछ पार्षद नाम ना छापने कि शर्त में बताया कि पार्षद निधी के लिए सी एम ओ के द्वारा दबाव डाला जा रहा है। शिकायत कर्ता पी आई सी सदस्य देवेश गुप्ता का कहना है कि वॉर्ड की मूलभूत सुविधाओं के लिए पार्षद निधी से कार्य करवाया जाता है संबंधित वार्ड की निधि का अन्य वार्ड में व्यय नहीं किया जा सकता है। पूर्व एल्डर मेन, जिला मीडिया प्रभारी, भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष बेमेतरा नवीन ताम्रकार ने कहा कि जिसकी गलती से आर्थिक हानि हो रही है उसकी भरपाई उसी से किया जाए।

वही जिला अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष बेमेतरा रावल जैन ने कहा कि ऐसे लापरवाह अधिकारी की सजा सिर्फ निलंबन है। 300 मीटर की दूरी तक नाली निर्माण का कार्य हो चुका है, कार्य लगभग डेढ महीने से बंद है। बता दें कि 7 महीना पहले अध्यक्ष और पार्षद का चुनाव हुआ था। कांग्रेस और भाजपा को धूल चटाते हुए निर्दलीय प्रत्याशी सुरेश सिहोरे ने अध्यक्ष के पद पर काबिज हुआ था। भाजपा से अध्यक्ष प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा था, बाद में परास्त अध्यक्ष प्रत्याशी अजय अग्रवाल को उसी निकाय का विधायक प्रतिनिधि बना दिया गया। राजनीतिक प्रतिद्वंदिता और हार से खीझ का असर आज भी दोनों के मध्य है। अध्यक्ष सुरेश सिहोरे सी एम ओ पर विधायक प्रतिनिधि के इशारे में काम करने का आरोप भी लगा चुके हैं, जिससे अध्यक्ष और सी एम ओ के बीच तालमेल नहीं बैठ रहा है।

# भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन काउंसिल ने बैठक में लिए कई निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के मजदूरों के हितों की सुरक्षा और उनके अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन काउंसिल ने आज जिले में अपनी प्रथम बैठक आयोजित की। बैठक में जिले भर से आए समस्त सदस्य मौजूद रहे और मजदूरों के वेतन, बीमा और कार्यस्थल सुरक्षा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में यह विषय मुख्य रूप से उठाए गए कि माल, पेट्रोल पंप, होटल, फैक्ट्री, राइस मिल और ईट भट्ठों में काम करने वाले मजदूरों को समय पर वेतन मिल रहा है या नहीं, उनके बीमा और सुरक्षा प्रावधान सही तरीके से लागू हो रहे हैं या नहीं। साथ ही जिले में पंजीकृत ठेकेदारों की संख्या और कलेक्टर दर अनुसार मजदूरों को सही वेतन मिलने की स्थिति का भी आकलन किया गया। प्रदेश महासचिव हनुमंत साहू, जिला अध्यक्ष देवराम साहू, जिला कार्यकारी अध्यक्ष गजेंद्र साहू, जितेंद्र साहू, अजय स्वर्णकार, अनिल वैष्णव, दीना साहू, पुरुषोत्तम साहू, यशवंत लहरे, वहीद कुरैशी, रूप राम साहू, नागेश वर्मा, डोमन साहू, देवेंद्र साहू, जिला मीडिया प्रभारी डेनिम सेन और जिले के समस्त ट्रेड यूनियन कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मजदूरों के अधिकारों की रक्षा और उनके हित में ठोस कदम उठाने पर जोर दिया गया। यूनियन ने आगामी दिनों में जिले में मजदूरों के वेतन, बीमा और सुरक्षा की निगरानी के लिए विशेष पहल करने का निर्णय लिया है।




# भाजपा युवा मोर्चा का प्रदर्शन, फूंका कांग्रेस और राहुल गांधी का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विरुद्ध अपशब्द कहे जाने के खिलाफ भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला दहन कर कड़ा विरोध जताया। जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि बिहार के दरभंगा में इंडिया गठबंधन के मंच से प्रधानमंत्री की स्वर्गीय माताजी के खिलाफ की गई टिप्पणी से देश की जनता आक्रोशित है। जवाब वोट के माध्यम से देकर इस तरह के लोगों और उनके दल को जनता मिट्टी में मिला देगी। युवा मोर्चा के अध्यक्ष अमित मिश्रा ने कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि लोकतंत्र में विरोध के कई मर्यादित तरीके होते हैं, लेकिन देश के प्रधानमंत्री के लिए जिस प्रकार के शब्दों का प्रयोग किया गया है, वह इंडी गठबंधन की दूषित मानसिकता को उजागर करता है. देश के प्रधानमंत्री व उनके परिवार के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग करना निंदनीय है. देश की गरिमा और सम्मान के खिलाफ बोलने वालों को जनता माफ नहीं करेगी। इस अवसर पर वीरेंद्र साहू, प्रेमलाल साहू, बिजेंद्र सिंह, मिथिला खिचरिया, विनोद सिंह सहित अन्य मौजूद थे।



# बीएसपी ओए का चुनाव 19 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के ऑफिसर्स एसोसिएशन (ओए) ने 2025-2027 कार्यकाल के लिए नई कार्यकारिणी के चुनावों की घोषणा कर दी है। चुनाव शुक्रवार, 19 सितंबर को होंगे। इसमें निर्धारित केंद्रों पर मतदान होगा और उसी शाम भिलाई क्लब में मतगणना शुरू होगी।

बीएसपी के आईआर विभाग द्वारा जारी

- तीन से नामांकन जमा होंगे

अधिसूचना के अनुसार ओए के वे सभी सदस्य जिनकी सेवानिवृत्ति 31 अगस्त 2027 को या उससे पहले नहीं होनी है, वे संबंधित क्षेत्रों के अनुसार अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष और क्षेत्रीय प्रतिनिधियों के पदों के लिए चुनाव लड़ने के पात्र होंगे।

नामांकन पत्र 3 सितंबर से 6 सितंबर तक कार्यालय समय के दौरान, मानव संसाधन विकास केंद्र के कमरा संख्या 13 में उपलब्ध हैं। कुटेश्वर माइंस में कार्यरत सदस्यों के लिए विशेष छूट दी गई है, जो रिटर्निंग ऑफिसर जेएन ठाकुर, विकास चंद्रा व संदीप झा, को उनके आधिकारिक ईमेल पते पर ईमेल भेजकर नामांकन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। नामांकन दाखिले की अंतिम तारीख 6 सितंबर है। वैध नामांकनों की सूची 8 सितंबर को शाम 8 बजे तक ओए कार्यालय के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित की जाएगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख 9 सितंबर है।




### गुप्त मतदान से होगा चुनाव

भिलाई क्लब में सुबह 9:30 बजे से शाम 7:00 बजे तक, सिटीजन क्लब, राजहरा माइंस में सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक और नंदिनी माइंस गेस्ट हाउस में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक गुप्त मतदान होगा। हिर्री माइंस और कुटेश्वर माइंस में कार्यरत सदस्य डाक मतपत्रों के माध्यम से मतदान करेंगे।अधिक जानकारी के लिए कर्मचारी रिटर्निंग ऑफिसर्स से कार्यालयीन समय में आईआर विभाग में संपर्क कर सकते हैं।निर्वाचन अधिकारियों ने सभी सदस्यों से मतदान और मतगणना के दौरान बाहरी हस्तक्षेप से मुक्त व पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने में सहयोग देने की अपील की है।

# जमीन के नाम पर लाखों की ठगी, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जमीन के नाम पर ठगी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने अपराध कायम किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि माली मोहल्ला हुडको निवासी आशा वर्मा जेठ मनीराम वर्मा, जेठानी रेखा वर्मा के साथ में रहते है। वर्ष 2023 मे उरला दुर्ग में जमीन खरीदने जगह देखने गए थे। इस दौरान मकान 451 डा. अंबेडकर नगर के पी बंगले के पास वार्ड 58 उरला निवासी कमलेश चौरे नामक व्यक्ति से हुई, कमलेश चौरे ने बताया कि उनकी स्वयं के स्वामित्व की परिवर्तित भूमि उरला वार्ड 57 दुर्ग में स्थित है।

जमीन को बेचना चाहता है जिसका पहन 17/7 खसरा क्र 87/1 का टुकड़ा 3024 वर्ग फीट 48 63 ऋण पुस्तिका 1797085 को जेठानी रेखा वर्मा के नाम पर बेचने के लिये रकबा लगभग 1323 वर्ग फीट 21 63 फीट को पीड़ित के नाम पर बेचने के लिये जेठानी से 11 लाख 16 हजार 500 रुपये लिया। पीड़िता से 5 लाख 27 हजार 500 रुपये लेकर जमीन नही देकर ठगी किया।

कमलेश चौरे ने जमीन का दो इकरारनामा स्टाम्प पेपर पर बनाया और भूमि बेचने एक एग्रीमेंट भी किया। भूमि की कुल राशि 11 लाख 16 हजार 500 रुपये में जमीन का सौदा तय हुआ था। दूसरे जमीन का 5 लाख 27 हजार रुपये में बेचने का सौदा हुआ। रेखा वर्मा ने 2 लाख 16 हजार 500 और पीड़िता 1लाख 27 हजार 500 रुपये नगद कमलेश चौरे को दिया गया। रजिस्ट्री के लिए कमलेश चौरे टाल मटोल करते रहा। परेशान परिजनों से शिकायत पुलिस में किया।

# शनिवार को शाला संचालन का समय सुबह साढ़े 7 से साढ़े 11 बजे करने की मांग

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रतिनिधिमंडल ने गजेंद्र यादव मंत्री स्कूल शिक्षा ग्रामोद्योग, विधि विधायी, छत्तीसगढ़ शासन से उनके निवास में मुलाकात की। इस दौरान प्राचार्य पदोन्नति टी संवर्ग के बाद पदांकन के सफल निष्पादन हेतु हार्दिक आभार व्यक्त किया। इसी परिप्रेक्ष्य में ई संवर्ग प्राचार्य पदांकन की शीघ्र कार्यवाही निष्पादन की अपेक्षा की। शनिवार शाला संचालन समय पूर्ववत सुबह 07.30 बजे से 11:30 बजे तक करने की आदेश जारी करने की बात कही। व्याख्याता ई संवर्ग पर शीघ्र पदोन्नति की बात कही। इसी के साथ 11 बिंदुओं का मांग पत्र भी सौंपा। इसमें सहायक शिक्षकों का तृतीय समयमान वेतनमान, गैर शिक्षकीय कार्यों पर पूर्ण प्रतिबंध, एकीकृत परिसर में जहां कक्षा एक से 12 वी तक की कक्षाएं संचालित हैं, उप प्राचार्य पद का सृजन करने की मांग की।

## पेज 9 के शेष

### रकम दोगुना करने ...

कृष्ण कांत सिंह, उप निरीक्षक राकेश साहू, ओंकार प्रसाद साहू, सहायक उप निरीक्षक संतोष ध्रुर्वे, दिनेश चंद शर्मा, प्रधान आरक्षक दिनेश मंडावी, शिवराज सिंह, आरक्षक मोती लाल जायसवाल, संतोष धीवर सहित अन्य पुलिस स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### कलेक्टर जनदर्शन ...

हुए ट्रांसफार्मर को शीघ्र बदलवाने की मांग रखी। ग्राम गुजेरा, तहसील नवागढ़ निवासी श्याम साहू ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाने हेतु आवेदन किया। ई-लोडर एवं छोटा हाथी संघ, बेमेतरा ने आवेदन देकर ई-रिक्शा चालकों द्वारा समान ढोने पर उचित कार्यवाही की मांग की। कलेक्टर शर्मा ने सभी उपस्थित ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता पर निपटाया जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रेमलता मंडावी, अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## दस स्कूलों के 98 विद्यार्थियों की सहभागिता, सांस्कृतिक विरासत से कराया अवगत

# इंटेक विरासत क्विज में डीपीएस भिलाई प्रथम, आदर्श कन्या द्वितीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भारतीय सांस्कृतिक निधि (इंटेक) के दुर्ग-भिलाई अध्याय द्वारा राष्ट्रीय विरासत क्विज का अध्याय स्तरीय आयोजन किया गया । दुर्ग-भिलाई के 10 विद्यालयों के 98 विद्यार्थियों ने सहभागिता दी ।

- 98 विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में लिया हिस्सा, परंपरागत आभूषणों के विषय में दी जानकारी



परिचर्चा में पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी डां. रजनी नेलसन ने दुर्ग ज़िले की ऐतिहासिक व सांस्कृतिक विरासतों के विषय में प्रतिभागियों को अवगत कराया । उन्होंने महिलाओं द्वारा पहने जाने वाले परम्परागत आभूषणों के विषय में जानकारी दी । कार्यक्रम के अध्यक्ष शिक्षाविद् डां. डीएन शर्मा ने ने कहा कि 454 करोड़ वर्ष आयु की हमारी धरती सबसे पुरानी व महत्वपूर्ण प्राकृतिक धरोहर है, जो पहाड़ों, ग्लेशियरों, नदियों, झरनों , समुद्र, जीव-जंतुओं आदि को समेटे हुए है ।

उन्होंने कहा कि देशज ज्ञान परम्परा तथा लोक परम्पराएँ, रीति रिवाज़, त्यौहार, लोक गीत व लोक नृत्य आदि हमारी अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर हैं। अध्याय की अध्यक्ष हंसा शुक्ला ने कहा कि बच्चों में विरासतों के महत्व के प्रति जागरूकता लाने और उनके संरक्षण हेतु प्रेरित करने के लिए राष्ट्रीय हेरिटेज क्विज का आयोजन हर वर्ष किया जाता है । 4 टीमों का चयन कर दूसरे चरण में मौखिक क्विज आयोजित कर विजेता चुने गए ।

स्पर्धा में डीपीएस भिलाई के निनाशी पंडा व सचित साहू की टीम विजेता तथा शास. आदर्श विद्यालय दुर्ग की सुधा सेन व साक्षी साहू की टीम उपविजेता रही । तृतीय स्थान शंकराचार्य विद्यालय हुडको के दक्ष जैन व दक्ष राठौर की टीम रही।

केपीएस भिलाई, शंकरा विद्यालय सेक्टर-10, डीएवी हुडको, मैत्री निकेतन रिसाली, महर्षि दयानंद विद्यालय भिलाई व स्वामी आत्मानंद स्कूल से. 9 की टीमों ने भी सहभागिता दी । इस अवसर पर. सहसंयोजक विद्या गुप्ता, चित्रकार डा महेश चतुर्वेदी, शानू मोहनन, कांति भाई सोलंकी, विश्वास त्रिपाठी व प्रतिभागी विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित थे।

### पारंपरिक खेल फुगड़ी, सुरीली दौड़ बाल पासिंग गेम खेलकर किया एंजॉय

**भिलाई।** छग कुर्मी क्षत्रिय महिला समाज भिलाई नगर का तीजा पोरा महोत्सव कुर्मी भवन सेक्टर 7 में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में अनिता वर्मा, दुर्ग महापौर अल्का बाघमार, तारा चंद्राकर, प्रीति देशमुख, डॉ सरिता साहू उपस्थित थी। इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने पारंपरिक खेल फुगड़ी, सुरीली दौड़, बाल पासिंग गेम खेलकर आनंद उठाया। कार्यक्रम में लता ऋषि चंद्राकर, ऊषा कौशिक, राधिका देशमुख, माया अमृत, कांति वर्मा, रेणु देशमुख, शीला चंद्रा, रश्मि देशमुख, रूपा वर्मा, गायत्री कौशिक, ऊषा दिल्लीवार, सुरेखा धुरंधर, ललिता चंद्रा उपस्थित रहे। सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता में प्रथम बबीता देशमुख, द्वितीय बिंदु नायक और तृतीय सरोज चंद्रा, शिवलिंग सजाओ में सुमन वर्मा विजेता रही। तीज क्वीन किरण चंद्रा को अतिथियों द्वारा क्राउन पहनाया गया। महापौर ने महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए नारी सशक्तिकरण पर जोर दिया।

**न्यायालय पंजीयक लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेरला, जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202508231600013/ ब-113 (1)/वर्ष 2024-25

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण नागेन्द्र कुमार शर्मा पिता स्व. कमला प्रसाद शर्मा एवं अन्य 14 निवासी ग्राम सण्डी तहसील बेरला जिला बेमेतरा (छ.ग.) द्वारा जय माता सिध्दी मंदिर सण्डी, डंगनिया (ब) को शासकीय ट्रस्ट के रूप में लोक न्यास पंजीयन किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो इस न्यायालय के पेशी तिथि दिनांक 10/09/2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधी पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/08/2025 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

मुहर

**पंजीयक लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेरला, जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### तिलईरवार स्कूल में बालिकाओं को साइकिल वितरण

**राजनांदगांव।** शा.उ.माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में कक्षा 9वीं की पात्र बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया। पात्र बालिकाओं का गुलाल टीका लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में हायर सेकंडरी विद्यालय के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष मोरध्वज चंद्रवंशी व ग्रामीणजन एवं पालकगणों की उपस्थिति रही। साइकिल वितरण प्रभारी व व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू द्वारा इस निःशुल्क साइकिल वितरण की योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि पढ़ेगी बालिका, आगे बढ़ेगी बालिका अर्थात बालिकाओं को शत-प्रतिशत शिक्षा प्राप्त हो सके, कोई भी शिक्षा से वंचित न रहे, सभी स्कूल आए और जीवन में आगे बढ़े। कार्यक्रम में प्राचार्य अशीम कुमार यदु ने भी साइकिल वितरण पर इस योजना के लाभ के बारे में बताया। कार्यक्रम में अनुराधा ढोक, रेखा मुरकुटे, सरोज भुआर्य, जानकी वल्लभ तंबोली, राजेश नेताम, जितेंद्र कश्यप, पालकराम वर्मा, नोहरदास लिलहारे, हरिश्चंद्र यादव, आशीष मसीह, रीचा चंद्राकर, हेमीन ठाकुर एवं दानेश्वर साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन थंगेश्वर साहू द्वारा किया गया।

### श्रमिकों को दिया जा रहा 1 लाख रुपए अनुदान

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत हितग्राहियों के लिए मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना संचालित की जा रही है। इस योजना अंतर्गत स्वयं अथवा परिवार के किसी भी सदस्य के नाम से छत्तीसगढ़ राज्य में किसी भी स्थान पर मकान नहीं होने पर 3 वर्ष से निरंतर पंजीकृत एवं पात्र निर्माण श्रमिकों को स्वयं के भूखंड पर आवास निर्माण, नवीन आवास क्रय के लिए 1 लाख रुपए अनुदान दिया जाता है। योजना का लाभ लेने श्रमेव जयते मोबाइल एप, ऑनलाइन विभागीय पोर्टल, श्रम कार्यालय अथवा किसी भी लोकसेवा केन्द्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### 3 को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव।** ढोल ग्यारस के उपलक्ष्य में 3 सितंबर को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित करने कहा है। आयुक्त विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग से कहा है कि उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाए जाने पर मांस जब्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्रवाई करते 5 हजार रुपए तक जुर्माना वसूल करें। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने-अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिए हैं।

### पेंडरी में 4 को सम्मान समारोह

**राजनांदगांव।** सुकुलदैहान समीपस्थ ग्राम पेंडरी के एतिहासिक सदगुरु कबीर मंदिर/आश्रम में आगामी 4 सितंबर को दोपहर 2 बजे से चातुर्मास पर्व अंतर्गत अध्यात्मिक दिव्य सत्संग-प्रवचन भजन-कीर्तन एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम रखा गया है। उक्त जानकारी सदगुरु कबीर आश्रम समिति के अध्यक्ष फलेश कुमार साहू ने दी।

### रवि को किया गया जिला बदर

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने भीमनगर वार्ड क्रमांक 9 कालकापारा डोंगरगढ़ निवासी रवि शेंडे को आपराधिक गतिविधियों का अन्य कानूनी प्रावधानों से रोकथाम नहीं होने तथा अपराधिक गतिविधियों से शांति व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना को ध्यान में रखते आगामी 6 माह के लिए राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई, दुर्ग, बालोद, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी तथा महाराष्ट्र राज्य के गोंदिया एवं बालाघाट जिला की राजस्व सीमाओं से हट जाने (जिला बदर) का आदेश पारित किया है। रवि शेंडे को एक सप्ताह के भीतर जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर चले जाने एवं 28 फरवरी 2026 के पहले प्रवेश नहीं करने का निर्देश दिया गया है।

## नेत्र सुरक्षा, जांच और नेत्रदान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जा रही

# रजत महोत्सव पर जिले में नेत्रदान पखवाड़ा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




रजत महोत्सव के अवसर पर जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा नेत्रदान पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान लोगों को नेत्र सुरक्षा, नेत्र जांच और नेत्रदान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जा रही हैं। पखवाड़ा 25 अगस्त से 8 सितम्बर तक जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों और जिला चिकित्सालय में आयोजित किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहलेडर और अंधत्व निवारण नोडल अधिकारी डॉ. बी.एल. राज के मार्गदर्शन में चल रहे इस अभियान में नेत्र सहायक अधिकारी दीपा शर्मा एवं विद्या सागर रात्रे मरीजों और आगंतुकों को नेत्रदान की महत्ता समझाकर उन्हें प्रेरित कर रहे हैं। वहीं, सीएमएचओ कार्यालय मीटिंग हॉल में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में पेंशनर्स एवं वरिष्ठ नागरिकों को भी नेत्रदान हेतु प्रोत्साहित किया गया। डॉ. बी.एल. राज ने बताया कि सामान्यतः 5 से 60 वर्ष की आयु के व्यक्ति नेत्रदान के लिए उपयुक्त होते हैं। हालांकि, रेबीज, एड्स, ब्लड कैंसर, नेत्र कैंसर, सेप्टीसीमिया, तपेदिक, कुष्ठ रोग, सर्पदंश, विषाक्तता, जलकर या डूबकर मृत्यु जैसे मामलों में नेत्रदान संभव नहीं है। नेत्रदान केवल मृत्यु उपरांत किया जा सकता है और इसकी प्रक्रिया मृत्यु के 6 घंटे के भीतर पूरी करनी होती है। उन्होंने कहा कि नेत्रदान से शरीर की कोई विकृति नहीं आती। दान की गई आंखों का उपयोग केवल कॉर्निया प्रत्यारोपण में होता है, जिससे ऐसे व्यक्ति को दृष्टि मिल सकती है, जिसके कॉर्निया में सफेदी आने से देखने में समस्या हो रही हो। आंखों के अन्य हिस्सों जैसे रेटिना या ऑप्टिक नर्व से जुड़ी बीमारियों में नेत्रदान का उपयोग नहीं हो पाता। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों से नेत्रदान का संकल्प लेने का आवाहन किया गया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. अमृत लाल रोहलेडर, नोडल अधिकारी डॉ. बी.एल. राज, डीपीएम सुश्री लता बंजारे, जिले के नेत्र सहायक अधिकारीगण और पेंशनर समाज के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### रजत महोत्सव में शामिल हुए आत्मानंद स्कूल के पूर्व छात्र




**बेमेतरा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में शाला की भूतपूर्व छात्राओं कों आमंत्रित किया गया। छात्राओं ने अपने अनुभव साझा किए, अपने शिक्षकों के नाम, शिक्षा, शाला परिसर का रखरखाव, खेलकूद में भागीदारी, अन्य गतिविधियों, के साथ छत्तीसगढ़ निर्माण रजत महोत्सव अंतर्गत 25 वर्षों में हुए परिवर्तन, आदि बहुत सारे विषयों पर चर्चा करते हुए शाला के विकास हेतु सदैव अपना सहयोग देने की बात कही। संस्था की पूर्व छात्रा एवं पार्षद नीतू कोठारी ने कहा कि इस विद्यालय में ही मेरे राजनीतिक जीवन की नींव पड़ गई थी। उन्होंने पूर्व छात्राओं का एक बड़ा सम्मेलन आयोजित करने का आह्वान किया, जिसमें हम सब मिलकर अपने विचार साझा कर सकें और विद्यालय विकास में अपना योगदान दे सकें। पार्षद सिमरन ताम्रकार, योगिता साहू, आशा साहू, मांडवी साहू, नीता मौजूदगी रही। इस दौरान पूर्व छात्राओं ने अपने विचार और अनुभव साझा किए।संस्था के वरिष्ट व्याख्याता सुनील कुमार झा एवं डी.आर.साहू ने इस एलुमिनी मीटिंग में उपस्थित छात्राओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि यह आयोजन शासन के दिशानिर्देशों के अनुरूप आयोजित किया गया है जिसका उद्देश्य छत्तीसगढ के 25 वर्षों में हुए परिवर्तन,विकास और विद्यालय में उनके अनुभव पर चर्चा करना और विद्यालय की वर्तमान स्थित से परिचय प्राप्त करना है।विद्यालय के शिक्षकों ने 200 से अधिक पूर्व छात्राओं की पहचान की तथा 50 छात्राओं को इस बैठक हेतु आमंत्रित किया गया, जिसमें से 24 पूर्व छात्राएं विद्यालय में उपस्थित हुईं। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता योगेन्द्र वर्मा ने किया।

## राधा अष्टमी पर भारत माता चौक में हुई मां भारती की दिव्य आरती



**थानखम्हरिया।** नगर के हृदय स्थल भारत माता चौक में भारत माता मंच के तत्वावधान में राधा अष्टमी के अवसर पर सामूहिक आरती का भव्य आयोजन किया गया। यह परंपरा पिछले दो वर्षों से नियमित रूप से प्रत्येक माह की अष्टमी को आयोजित की जा रही है, जो अब नगर की राष्ट्रीय आस्था और जनभावना का प्रतीक बन चुकी है। इस अवसर पर समिति द्वारा महिला स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता में कार्यरत महिलाओं को दुपट्टा और भारत माता की छायाचित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजन में भवानीपटना (ओडिशा) से पधारे विजय अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल तथा अनिल सिंघानिया सहित नगर के गणमान्य नागरिक व वरिष्ठजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। अनिल सिंघानिया ने कहा— यह आयोजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि राष्ट्र, नारी शक्ति और शहीदों के सम्मान का जीवंत प्रतीक है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से समाज में राष्ट्रीय चेतना और सनातन संस्कृति के प्रति आस्था मजबूत होती है। भारत माता मंच ने संदेश दिया कि संस्था आगे भी धर्म, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति की भावना के संवर्धन हेतु ऐसे आयोजन करती रहेगी। कार्यक्रम में महिला स्व-सहायता समूह की विशेष भागीदारी रही।

## गणेश उत्सव पर भजन और झांकी की प्रस्तुति



**नवागढ़।** गणेश उत्सव की भव्य रौनक और भक्ति के संगम के बीच ग्राम घोठा में महाकाल भक्त परिवार गणेश समिति द्वारा आयोजित जगराता ने पूरे गांव को श्रद्धा और उल्लास की लहरों से भर दिया। इस बार का जगराता विशेष इसलिए भी रहा क्योंकि इसमें छत्तीसगढ़ी गीतों और भजनों की प्रस्तुति ने ग्रामीण संस्कृति की जीवंतता को बखूबी प्रदर्शित किया।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ा दी। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि मुझे इस क्षेत्र का विशेष आशीर्वाद मिला है। यह मेरा घर है और आप सभी मेरे परिवार के हिस्से हैं। मैं हर सुख-दुख में आपके साथ खड़ी रहूंगी। इस साल गर्मी में गांव-गांव में अपार जल समस्या रही। मैं भगवान गणेश से प्रार्थना करती हूँ कि वे इस बार हमें पर्याप्त बारिश का आशीर्वाद दें। किसान सुखी होगा तभी हमारा क्षेत्र सशक्त और विकसित होगा।

मधु रॉय ने यह भी कहा कि ग्राम घोठा सहित पूरे क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता जैसी बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी ग्रामवासियों से मिलकर विकास की राह में सहयोग करने की अपील की।

भक्ति और उत्साह के इस आयोजन में सरपंच रामखेलावन साहू, उप सरपंच सतीश दुबे, मदन वैष्णव, बीरेंद्र, उमेश, रवि, लोचन, सुरेंद्र, शिव, रामकेश, कमलेश, गणेश, रामानंद, जैकी, चंद्रशेखर, परदेसी, संतोष, ओमप्रकाश सहित समस्त ग्रामवासी सक्रिय रूप सेउपस्थित रहे। युवाओं और महिलाओं ने मिलकर जगराता के आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

जगराते के दौरान छत्तीसगढ़ी भजनों और लोकगीतों की प्रस्तुति ने ग्रामीण संस्कृति को जीवंत करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति रस में डुबो दिया। कई ग्रामीणों ने कहा कि इस तरह का जगराता न केवल भक्ति का अनुभव देता है, बल्कि स्थानीय संस्कृति और परंपरा को जीवित रखने का भी माध्यम है।

### गणपति पूजा पर भंडारे का आयोजन



**बेमेतरा।** गणेश चतुर्थी पर बालगोपाल गणेश समिति बाजार पारा में इस वर्ष भी भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। समिति के समर्पित सदस्यों द्वारा आयोजित यह भंडारा देर रात तक चला, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। भक्तों ने पहले गणपति बप्पा के दर्शन किए और उसके पश्चात प्रसादी रूपी भंडारे का आनंद लिया। पूरे आयोजन में भक्तों के उत्साह और श्रद्धा का अद्भुत समावेश देखने को मिला। समिति द्वारा की गई व्यवस्थाएं सराहनीय रहीं, जिससे समस्त भक्तगणों को भंडारे का लाभ सहजता से प्राप्त हुआ। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने कहा कि यह आयोजन समाज में आपसी प्रेम, सहयोग और भक्ति भाव को बढ़ावा देने का एक प्रयास है, जिसे हर वर्ष और भी भव्य रूप से मनाने का संकल्प लिया गया है।

### जनदर्शन में जरूरतमंद को मिला श्रवण यंत्र



**बेमेतरा।** जिले में कलेक्टर रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन में प्रत्येक मंगलवार को जनदर्शन का आयोजन किया जाता है, जिसमें जिले के दूरस्थ ग्रामीण अपनी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखते हैं। इस दौरान मूलचंद मनहरे ग्राम सांकरा (तहसील बेरला) के निवासी जो लंबे समय से कान की समस्या से जूझ रहे थे। उनकी सुनने की क्षमता लगभग समाप्त हो चुकी थी। उन्होंने कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन पत्र के माध्यम से कान की मशीन उपलब्ध कराने का निवेदन किया, जिस पर कलेक्टर रणबीर शर्मा ने मूलचंद मनहरे की पीड़ा को संवेदनशीलता से सुना और तुरंत ही समाज कल्याण विभाग को श्रवण यंत्र की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कुछ ही देर में श्रवण यंत्र उपलब्ध कराया गया और कलेक्टर ने स्वयं अपने हाथों से मूलचंद मनहरे को सौंपा। कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं का उद्देश्य है कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति मूलभूत सुविधाओं और सहायक उपकरणों से वंचित न रहे। श्रवण यंत्र, कृत्रिम अंग, व्हीलचेयर, पेंशन योजनाएं और विभिन्न सहायता कार्यक्रमों के माध्यम से हजारों दिव्यांगजन अपनी जिंदगी में नया आत्मविश्वास पा रहे हैं।

### शिवसेना ने एनएचएम संविदा कर्मचारियों को दिया समर्थन



**बेमेतरा।** शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रदेश महासचिव दाऊ राम चौहान ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग एन. एच. एम. संविदा कर्मचारियों को नियमितीकरण करने की बात पूर्व कांग्रेस शासन ने घोषणा किया गया था अभी वर्तमान बीजेपी सरकार ने भी वादा किया था की छत्तीसगढ़ में जैसे ही बीजेपी सत्ता में आता है तो 100 दिनों के अंदर कमेटी बनाकर उक्त स्वास्थ्य संविदा कर्मचारियों को नियमित करण व अन्य मांगों को भी पूर्ण करने का वादा किया था आगे चौहान ने कहा कि छत्तीसगढ़ में बीजेपी सरकार लगभग 2 वर्ष हो चुका है लेकिन अभी तक उक्त स्वास्थ्य कर्मचारियों का मांग पूर्ण नहीं किया गया है जिसे शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रदेश महासचिव दाऊ राम चौहान ने बीजेपी सरकार से मांग करता है कि उक्त स्वास्थ्य एन. एच. एम. संविदा कर्मचारियों का मांग जायज बताते हुए पार्टी के द्वारा समर्थन करता है वही बीजेपी सरकार से मांग करता है कि उक्त स्वास्थ्य कर्मचारियों की मांग पूर्ण किया जाए।

### राज्यपाल के गोद ग्राम टेमरी में आजीविका गतिविधियों का अवलोकन

## स्व-सहायता समूह स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन "बिहान" अंतर्गत राज्यपाल रमेन डेका के गोद ग्राम टेमरी में मिशन द्वारा संचालित आजीविका गतिविधियों का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर राज्य मिशन प्रबंधन इकाई रायपुर से एलिस लकरा,मुख्य संचालन अधिकारी एवं अनिता मिंज राज्य कार्यक्रम प्रबंधक विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के तहत तिरंगा महिला संकुल संगठन, टेमरी में दीदियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में परिवार समावेशन, आजीविका गतिविधियों के अंतर्गत आय वृद्धि, आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण उपलब्ध कराने, आजीविका प्लानिंग तथा ग्राम स्तर पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से "लखपति दीदी" बनाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में यह भी बताया गया कि मिशन के अंतर्गत स्व-सहायता समूह की दीदियों को स्वरोजगार एवं आजीविका संवर्धन से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। ग्राम स्तर पर उत्पादन, विपणन एवं कौशल विकास प्रशिक्षण जैसी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, जिससे महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार लाया जा सके। इस अवसर पर जिले से कार्यक्रम प्रबंधक, बीपीएम, क्लस्टर स्तर के पीआरपी एवं कैडर उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों ने दीदियों से संवाद कर उनकी प्रगति एवं भविष्य की योजनाओं की जानकारी ली तथा निरंतर समर्थन का आश्वासन दिया। बैठक में टेमरी की दीदीयों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि पहले वे केवल पारंपरिक खेती पर निर्भर थीं, जिससे परिवार की आमदनी सीमित थी। लेकिन बिहान मिशन से जुड़ने के बाद उन्हें मशरूम उत्पादन एवं सब्जी प्रसंस्करण का प्रशिक्षण मिला। आज वे हर महीने नियमित आय अर्जित कर रही हैं और अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि बिहान से हमें नया जीवन मिला है। अब हम आत्मनिर्भर हैं और अपने बच्चों की शिक्षा व परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम हैं।

## जिला शिक्षा अधिकारी से मिले सहायक शिक्षक फेडरेशन के पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा से सोमवार को छतीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला बेमेतरा इकाई से जिला और ब्लॉक पदाधिकारियों द्वारा गुलदस्ता भेंट कर बधाई देते हुए औपचारिक चर्चा की गई। मुलाकात करने प्रांतीय कार्यकारिणी अध्यक्ष बसन्त कौशिक,जिला अध्यक्ष अशोक कुमार धुर्वे,ब्लॉक अध्यक्ष साजा अजय यादव, ब्लॉक अध्यक्ष नवागढ़ दिलबाग सिंग, जिला सचिव गेंदराम वर्मा, जिला प्रवक्ता कमल शर्मा, तारन दास मानिकपुरी, पोखन साहू, बाबूलाल गोयल,ओम नारायण साहू, धनेश रजक, शिवराज ध्रुव, राजा वर्मा, जितेंद्र साहू पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।



### प्रधान पाठक ईश्वरी भारत भूषण गौरव सम्मान से सम्मानित




**बेमेतरा।** ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे प्रधान पाठक प्राथमिक शाला बैजी को शिखर साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा भारत भूषण गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान बस्तर के राजा कमल चंद्र भांज देव के हाथों प्रदान किया गया। ईश्वर प्रसाद घृतलहरे अपने शिक्षकीय जीवन में अच्छे कार्यों और नवाचारी शिक्षक के रूप में जाने जाते हैं। वही वे विभिन्न प्रकार के वाद्य यंत्रों को बजाना और गीत संगीत से लोगों के मन को मुक्त करने में माहिर हैं। इसके अलावा वे स्कूल में पाठ्य पुस्तक के कहानी और कविताओं को आकर्षक तरीके से प्रस्तुत करते हैं भारत भूषण गौरव सम्मान से ईश्वर प्रसाद घृतलहरे की प्रतिभा और शिक्षकीय कार्य को पहचान मिली है। इस कार्यक्रम का आयोजन शिखर साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा रायपुर वृंदावन टाउन हॉल में किया गया था। महाराजा कमल चंद्रभंज देव राजमहल बस्तर जगदलपुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। वहीं अन्य अतिथि के तौर पर नवीन अग्रवाल, शकुंतला डीरेंद्र सेन, दिनेश खूटे, सविता चंद्राकर, पद्मश्री अनूप रंजन पांडे और डॉक्टर मन्नू लाल चेलक सहित कई महानुभाव उपस्थित थे।

### गणेश विसर्जन और ईद-ए-मिलाद पर्व पर जिला प्रशासन का निर्णय

# कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




कलेक्टरेट के दिशा सभाकक्ष में गणेश विसर्जन और ईद-ए-मिलाद पर्व की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में समाज के विभिन्न वर्गों के प्रमुखों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

कलेक्टर रणवीर शर्मा ने समिति के सदस्यों से कहा कि जिले में दोनों पर्वों को शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारे के साथ मनाना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन और पुलिस द्वारा हर संभव तैयारी की जा चुकी है, लेकिन त्योहार तभी सफल होंगे जब समाज के सभी वर्ग मिलकर सहयोग करें। उन्होंने कहा कि त्योहार खुशी और सद्भाव का संदेश देने के लिए होते हैं। छोटी-छोटी बातों में उलझने के बजाय हमें मिलजुलकर ऐसा माहौल बनाना है, जिससे जिले की गंगा-जमनी तहजीब और मजबूत हो। गणेश विसर्जन और ईद-ए-मिलाद दोनों ही पर्व आस्था और अनुशासन से जुड़े हैं। इसलिए सभी नागरिक संयम, शांति और भाईचारे का परिचय दें। प्रशासन की ओर से डीजे और पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। नशे की हालत में विसर्जन या जुलूस में शामिल न हों। कानून तोड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में एसएसपी रामकृष्ण साहू ने कहा कि पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। सभी चौक-चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त बल तैनात रहेगा। प्रत्येक थाना प्रभारी को अपने क्षेत्र में स्थानीय नागरिकों और शांति समिति से समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। जुलूस निर्धारित मार्ग और समय पर ही निकलेंगे, साथ ही यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम रहेंगे। उन्होंने बताया कि डीजे और पटाखों के उपयोग पर पूरी तरह से रोक रहेगी। हुड़दंगियों और कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर पुलिस की विशेष नजर होगी। सीसीटीवी और कैमरों से निगरानी की जाएगी। बैठक में उपस्थित समाज प्रमुखों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और जिले की शांति और सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर एडीएम अनिल वाजपेयी, एसडीएम प्रकाश भारद्वाज, जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू, एसडीओपी मनोज तिर्की, जिला स्तरीय प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिआ के प्रतिनिधिगण सहित विभिन्न समाज के समाज प्रमुख उपस्थित थे।

